
REET 2025
LEVEL-2
वंदन बैच
POLITY
राज्यपाल
LIVE
28-01-2025 07:00 P

# राज्य सरकार

- विधायिका
  - ↓ राज्य विधानमण्डल
  - ↓ कानून बनाना
- कार्यपालिका
  - ↓ कानून को लागू करना
    - राज्यपाल
    - मुख्यमंत्री
    - मंत्रिपरिषद
    - महाधिवक्ता
- न्यायपालिका
  - ↓ कानून की जांच करना

# राज्यपाल

→ भाग – 6

→ अनु. 153–161

→ प्रावधान → कनाडा

→ सम्बोधन → माननीय राज्यपाल

**अनु. 153** → प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा

7 वां संविधान संशोधन 1956 के तहत एक व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल रह सकता है।

**अनु. 154** → राज्य की समस्त कार्यपालिका शक्तियां राज्यपाल में निहित होगी, जिनका प्रयोग राज्यपाल स्वंय अथवा अपने अधिनस्थ अधिकारियों के माध्यम से प्रयोग में ले सकता है।

→ राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है।

**अनु. 155** → राज्यपाल की नियुक्ति

राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर व मुद्रा सहित एक अधिपत्र जारी करके

**Note** राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर सहित अधिपत्र को विधानसभा में मुख्य सचिव पढ़कर सुनाता है।

**परम्परा**

1. राज्यपाल संबंधित राज्य का निवासी नहीं होना चाहिए
2. राज्यपाल की नियुक्ति से पहले संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लेनी चाहिए।

## अनु. 156 → राज्यपाल का कार्यकाल

(i) राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त कार्य करता है।

(ii) राज्यपाल अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को देगा।

(iii) राज्यपाल सामान्यतः 5 वर्ष तक अपने पद पर रहेगा।

* राज्यपाल का कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व ही उनके उत्तराधिकारी कि नियुक्ति कर दी जाती है।

* भारतीय संविधान में राज्यपाल को हटाने का उल्लेख नहीं किया गया है।

**अनु. 157** → राज्यपाल की योग्यता

① भारत का नागरिक

② 35 वर्ष आयु पूर्ण कर चुका हो।

**अनु 158** → राज्यपाल की सेवाशर्तें

(i) राज्यपाल विधान मण्डल व संसद का सदस्य नहीं होगा

(ii) राज्यपाल के लिए बिना किराया का आवास होगा

(iii) राज्यपाल के वेतन-भत्ते राज्य संचित निधि पर भारित होगा

राज्यपाल का मासिक वेतन 3.50 लाख होता है। [मूलत: 5500]

Note - यदि कोई व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल है तो उनके वेतन का निर्धारण राष्ट्रपति करेगा।

अनु. 159 → राज्यपाल को शपथ

राज्यपाल को शपथ उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायधीश या उनकी अनुपस्थिति में उच्च न्यायालय का वरिष्ठ जज द्वारा।

अनु. 160 → राज्यपाल को अन्य राज्य का अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है [राष्ट्रपति]

→ HC के मुख्य न्यायाधीश को कार्यवाहक राज्यपाल बनाया जा सकता है।

अनु. 161 – क्षमादान करने की शक्ति

# राज्यपाल की शक्तियां

- → कार्यकारी शक्तियां
- → वित्तीय शक्तियां
- → न्यायिक शक्तियां
- → स्वविवेकिय शक्तियां